### घरेलू हिंसा का मामला

# सीआरपीसी की धारा 482 के तहत घरेलू हिंसा की शिकायत नहीं कर सकते निरस्त

**हरिभूमि जबलपुर।**

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में साफ किया कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दायर याचिका में एफआइआर को निरस्त किया जा सकता है। घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण अधिनियम के तहत दायर शिकायत के आरोपों को निरस्त नहीं किया जा सकता है। एकलपीठ ने इस टिप्पणी के साथ याचिका को निरस्त कर दिया।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी संदीप रघुवंशी सहित अन्य की ओर से सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दायर याचिका में घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम के तहत पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत को निरस्त करने की राहत चाही गई थी। याचिका में कहा गया उसने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 12 के तहत विवाह को शून्य व अमान्य घोषित करने न्यायालय में आवेदन किया था। जिसके बाद अनावेदक पत्नी ने उसके व परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध घरेलू हिंसा की शिकायत दर्ज करवा दी गई। इसके अलावा आईपीसी की धारा 498-ए, 377, 506, 34 और दहेज निषेध अधिनियम की धारा-तीन और चार के अंतर्गत आपराधिक शिकायत भी दर्ज कराई गई। हाई कोर्ट ने उसके पिता व बहन के विरुद्ध आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज एफआइआर को निरस्त कर दिया था। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा-तीन में वर्णित किए गए तत्वों के आधार पर



याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध आरोप लगाए गए हैं। जिसके कारण याचिकाकर्ताओं के बचाव पर विचार नहीं किया जा सकता। सीआरपीसी की धारा 482 के तहत याचिका में एफआइआर निरस्त करने का प्रविधान है। घरेलू हिंसा के तहत दर्ज शिकायत के आरोपों पर फैसला नहीं सुनाया जा सकता। एकलपीठ ने उक्त आदेश के साथ याचिका को निरस्त कर दिया।

### जेएमएफसी कोर्ट ने पुलिस को दिए निर्देश

## अपराध का उचित अन्वेषण कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करें

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अरुण कुमार गोयल की अदालत ने अपने एक आदेश में कहा कि ऐसा लगता है पुलिस द्वारा अपराध का पता लगाने के समुचित प्रयास नहीं किए गए। कोर्ट ने धोखाधड़ी के प्रकरण में पुलिस द्वारा प्रस्तुत खात्मा रिपोर्ट पर असहमति दर्शाते हुए अपने आदेश में लेख किया कि केस डायरी के अवलोकन से यह दर्शित होता है कि पुलिस ने संदेहास्पद व्यक्तियों से पूछताछ कर अपराध का सही पता लगाने के समुचित प्रयास नहीं किया है। वहीं शिकायतकर्ता मनोज गुप्ता ने भी पुलिस द्वारा प्रस्तुत खात्मा रिपोर्ट पर असंतुष्टि प्रकट की है। लिहाजा, पुलिस थाना संजीवनी नगर द्वारा प्रस्तुत खात्मा रिपोर्ट अस्वीकार की जाती है। पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि अपराध का उचित अन्वेषण कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। मामला कूटरचित हस्ताक्षर कर अवैध रूप से मध्य प्रदेश वुशु संघ पर कब्जा करने का प्रयास किए जाने के आरोप से संबंधित है।

## हाई कोर्ट ने विभागीय जांच बिना सेवा से बर्खास्त करने पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने बिना विभागीय जांच व आरोप पत्र दिए सेवा से बर्खास्त किए जाने के रवैये पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में चेयरमैन बैंक आफ इंडिया, मुम्बई, जनरल मैंनेजर भोपाल व उज्जैन को नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब पेश करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया है। याचिकाकर्ता योगेंद्र बरगेश की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित कुमार चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता पर बैंक की भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को बैठाने का आरोप लगाया गया। इस सिलसिले में स्पष्टीकरण मांगा गया। स्पष्टीकरण देने के तुरंत बाद शोकाज नोटिस देकर नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। चूंकि नियमानुसार विभागीय जांच में आरोप सिद्ध न होने तक इस तरह का कठोर दंड नहीं दिया जा सकता।



### राजस्व अधिकारियों की बैठक

## फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह पर कार्यवाही करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने नक्शा बटांकन, आधार से आरओआर लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, धारणाधिकार तथा आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशति किया कि राजस्व महाअभियान अंतर्गत सभी कार्यों में प्रगति लायें, इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके साथ ही कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें और उनका निराकरण करें। प्रकरणों के निराकरण से जिले की रैंकिंग में सुधार होगी। इस दौरान कलेक्टर श्री सक्सेना ने एक-एक प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार फील्ड विजिट करें और अपने-अपने कार्य को देखें। पेंडिंग प्रकरण न बढ़े इसके लिए लगातार उनके निराकरण करते रहें। उन्होंने कहा कि लंबे समय से एक ही जगह रहने वाले पटवारियों को दूसरी जगह देना सुनिश्चित करें। नये पटवारियों को अच्छे ढंग से प्रशिक्षित करें। जिस तहसील में ज्यादा सीमांकन के प्रकरण है वहां दूसरे तहसील से सीमांकन मशीन मंगाकर कार्य पूर्ण करें। उन्होंने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि तहसील न्यायालयों के निरीक्षण का शैडयूल बनाये। वहीं सभी एसडीएम से कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर लगायें।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने विशेष रूप से कहा कि जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले रैकेट पर तगड़ी कार्यवाही करे। फर्जी हस्ताक्षर व फर्जी आदेश पर तत्काल एफआईआर दर्ज करायें। शासकीय प्रक्रिया में जहां कहीं भी फर्जी कागजात मिले तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की जांच करें, यदि फर्जी है तो इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन, आधार से आरओआर लिंकिंग, आरसीएमएस में दर्ज प्रकरण व राजस्व महाअभियान के घटकों पर सभी राजस्व अधिकारी ध्यान केन्द्रित कर प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में राजस्व प्रकरणों के साथ अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गौड़ सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

## माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग ने किया टॉस सॉल्यूशन कंपनी का औद्योगिक भ्रमण



**जबलपुर।** माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग के द्वारा डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पाहवा तथा प्राचार्य डॉ संगीता झांब, रजिस्ट्रार डॉ सत्येंद्र कुररिया तथा विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुनीता सोनी के निर्देशन में दिनांक 22.2.25 को यूजी और पीजी छात्राओं के लिए टॉस सॉल्यूशन कंपनी में उद्योग भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर कुलवंत कौर अहलूवालिया थीं।।इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने और उद्योग की आवश्यकताओं को समझने का अवसर प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में गणित विभाग की लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया।

टॉस सॉल्यूशन की को फाउंडर श्रीमती दीप कौर ने छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तथा मशीन लर्निंग के बारे में प्रायोगिक जानकारी दी। प्रोजेक्ट मैनेजर श्री ऋषिराज ने छात्राओं को annotation और ई कॉमर्स मैनेजमेंट के बारे में जानकारी प्रदान की और उन्हें कंपनी के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया। गणित विभाग की छात्राओं को उद्योग में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ, जो कि सराहनीय था।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

**जबलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार पूरे देश में 08 मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन तालुका स्तर से सर्वोच्च न्यायालय तक किया जा रहा हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जानकारी दी गई कि इसी अनुक्रम में राज्य प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय जबलपुर एवं तहसील न्यायालय सिहोरा एवं पाटन में लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा।




लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा, जिसके अंतर्गत चैक बाउंस के केसेस, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक विवाद से संबंधित प्रकरण एवं अन्य सभी प्रकार के सिविल प्रकृति के प्रकरण जिनका निराकरण राजीनामा से हो सकता है। इस लोक अदालत में इस लोक अदालत में निराकृत किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक समस्त न्यायालयों से लगभग 10487 प्रकरण लोक अदालत के लिए चिन्हित कर रेफर किये गये है। पूर्व की भांति नेशनल लोक अदालत में बिजली विभाग एवं नगर निगम के अंतर्गत संपत्तिकर एवं जलकर के मामलों में छूट प्रदान की जायेगी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर जिले के नागरिको को निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करने में सदैव तत्पर है। देश का कोई भी नागरिक 15100 नंबर डायल कर अपने मोबाईल से भी विधिक सलाह एवं सहायता प्राप्त कर सकता है।

## *समंस तामीली कराने जा रहा आरक्षक ट्रक की टक्कर से घायल*

**जबलपुर।** चरगवां थाना अतंर्गत ग्राम भौतिया तिराहा के पास गोटेगांव जबलपुर मेन रोड में एक ट्रक ने एक बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाईक में सवार एक आरक्षक घायल हो गया और बाईक भी क्षतिग्रस्त हो गई। चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बगासपुरा गोटेगांव नरसिंहपुर निवासी 30 वर्षीय राहुल नादोनिया चरगवां थाने में आरक्षक पद पर पदस्थ है। गत दिवस आरक्षक राहुल समंस वारंट तामीली में बिजौरी देहात रवाना हुआ था। समंस वारण्ट शासकीय कार्य करके अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 49 जेड एफ 2776 से वापस थाना चरगवां आ रहा था। शाम लगभग 6 बजे ग्राम भौतिया तिराहा के पास गोटेगांव जबलपुर मेन रोड पर पहुंचा, तभी सफेद रंग की टाटा कम्पनी की मिक्चर मशनी वाले ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 2842 के चालक ने उसकी बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह अपनी बाईव सहित नीचे गिर गया और उसके हाथ कंधा, पीठ में चोटें आ गयीं तथा मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गयी है।

## संत गाडगे बाबा जी का जन्म दिवस कर्म दिवस के रूप में मनाया जाएगा

**जबलपुर।** 20वीं शताब्दी के सामाजिक सुधारक जिन्होंने अपना सारा जीवन दलित और दलितों की सेवा में लगाकर स्वच्छता और चारित्रिक शिक्षा पर हमेशा बल दिया था वह संत थे जिन्हें भगवान की तलाश में धर्मशाला, अनाथालय ,आश्रम, अनाथों के लिए विद्यालय की शुरुआत की रंगले,गंजले,दीन-कमजोर अपंग और अनाथ जिनको देवता के रूप में वे देखते थे ऐसी महान सोच वाले संत का जन्म दिवस संत गाडगे धर्मशाला,झामनदास चौक, द्वारका नगर , जबलपुर में 23 फरवरी को दोपहर 1:00 बजे मनाया जाएगा इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री, वर्तमान विधायक श्री लखन घनघोरिया होंगे, इस कार्यक्रम में समाज के जितने भी दबे और कुचले हुए लोग है उन पर दार्शनिक,बुद्धिजीवी एवं सामाजिक संगठन के लोग अपनी बात आज के परिवेश में संत गाडगे जी की परिकल्पना उस समय क्या थी उन बातों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जावेगा। इस कार्यक्रम में



उपस्थित की अपील समाजसेवी सरमन रजक,एड.विवेक अवस्थी ,सुधीर शर्मा, रमेश मास्टर,रामरतन यादव, पूर्व विधायक नन्हे सिंह धुर्वे,सतीश रजक, महेश रजक, प्रहलाद रजक, शेरू रजक, सुखदेव रजक, राजेंद्र रजक, डी एल रजक, संजू भैया, पप्पू महाजन,टीनू रजक,गोलू रजक, भूरे भैया, कल्लू खलीफा,सुरेश रजक,अतुल गुप्ता, शरण चोहटेल गुड्डु झा,भारत श्रीवास, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय संघठन के एड.धीरज सिंह ठाकुर ,एड अनुराग सिंह ठाकुर, दा बौद्धिष्ठ सोसाइटी ऑफ इंडिया के दीपक अरकड़े, टीकाराम रोहित एवं अन्य ने की है।



## उमरा यात्रियों का स्वागत कर, किया रवाना

**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के मुख्य व पवित्र तीर्थ मक्का-मदीना (सऊदी अरब) उमरा करने जा रहे मप्र मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश सचिव एडवोकेट रफीक मनिहार व उनकी पत्नी तनु मनिहार के रीवा से नगरागमन पर परिषद के जिला कार्यालय मंडी मदार टेकरी में जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार व वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान, पत्रकार अशफाक आरिफ, परिषद के हाशिम राजा, गुलाम साबरी, पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, फैजान कुरैशी, बब्लू कुरैशी, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, जिया उल हक अंसारी, नोषाद खलीफा, अशरफ कुरैशी, इरफान कुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद कुरैशी, डॉ. निसार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, ताहिर खोकर, एड. अकबर उस्मानी, समाजसेवी इस्तियाक अंसारी, अलीम मंसूरी, साजिद काजी, अहमद रज़ा, एड.निसार अंसारी, गुलाम किबरिया, मामूर गुड्डू, शेख निजामी, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, मो. जावेद, मुख्तार अंसारी, मो. इस्लाम आदि ने आगवानी कर पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत कर रवाना किया।

### इंदौर में ठोस कार्रवाई, जबलपुर में सिर्फ आश्वासन

## अवैध यूनिपोल और होर्डिंग को लेकर हो रही केवल खानापूर्ति

**जबलपुर।** जबलपुर में अवैध यूनिपोल, होर्डिंग के संबंध में केवल आश्वासन देकर खानापूर्ति होना तथा इंदौर में ठोस कार्रवाई होना, यह अंतर सामने आया है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री को की गई तथा जांच की मांग की गई। जबलपुर में लगाए गए 40 यूनिपोल की टेण्डर समय सीमा 3 अक्टूबर 2022 यानि लगभग 3 वर्ष पूर्व में ही समाप्त हो चुकी, यह यूनिपोल अवैध हो चुके हैं और इनको बरकरार रखने की अनुमति नहीं ली गई है। सिविल लाईन स्थित इलाहाबाद बैंक के पास 18 जनवरी को हुए यूनिपोल हादसे से चौंकाने वालें खुलासे सामने आए कि यूनिपोल ठेका किसी और का, चला रहा कोई दूसरा, फ्लैक्स लगा




रहा था तीसरा ठेकेदार, ऐसी गैरकानूनी प्रक्रिया यूनिपोल, होर्डिंग के बाबद जबलपुर में लगातार जारी है।

लेकिन जबलपुर में नगर निगम आंखे बंद कर बैठा है, जबकि की इंदौर नगर निगम ने किसी भी दबाव की परवाह न करते हुए एडवरटाईजर पर कार्रवाई की।


जनसंगठनों ने आरोप लगाया कि जबलपुर में अवैध यूनिपोल, होर्डिंग को चिन्हित कर कार्रवाई करने हेतु अभी तक दो जांच समितियों का गठन किया गया है। पहली समिति 3 जुलाई 2024 को, बाद में दूसरी रिपोर्ट मांगी जाएगी, यह आश्वासन जबलपुर के महापौर तथा आयुक्त ने हमेशा दिया, लेकिन अभी तक न तो रिपोर्ट आया न ही अवैध यूनिपोल, होर्डिंग हटाए गए। जनसंगठनों की बैठक में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, सुभाष चंद्रा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, संतोष श्रीवास्तव, एड. जीएस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, केसी सोनी, आदि उपस्थित थे।

### धीमी गति से चल रहे काम पर जताई नाराजगी

# सीवर और सफाई व्यवस्था को लेकर मंत्री ने लगाई क्लास

**हरिभूमि जबलपुर।**

जबलपुर में 2006 में शुरू हुए सीवर लाइन बिछाने के काम में अब तक कोई खास प्रगति नहीं हुई है। 18 वर्षों बाद भी इस कार्य में कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है। नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार, शहर में लगभग तीन लाख घरों का रजिस्ट्रेशन है, लेकिन अब तक महज 25 हजार घरों को ही सीवर कनेक्शन मिला है। इस धीमी गति से चल रहे काम की वजह से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आधे शहर की सड़कें खोदी जा चुकी हैं, और नई बनाई गई सड़कों को भी इस काम के कारण नुकसान पहुंच रहा है।



अब एक बार फिर यह उम्मीद जागी है कि सीवर लाईन के काम में अब तेजी आएगी. दराअसल जबलपुर में 18 वर्षों से चल रहे सीवर लाइन के काम को लेकर केबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। सर्किट हाउस में कलेक्टर दीपक सक्सेना और निगमायुक्त प्रीति यादव के साथ हुई बैठक में उन्होंने सीवर लाइन कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, मंत्री राकेश सिंह ने शहर की सफाई व्यवस्था पर भी असंतोष जताया और इसमें सुधार लाने के लिए सख्त निर्देश दिए।

### समय सीमा में काम पूरा करने निर्देश

सीवर लाइन के धीमे काम और सफाई व्यवस्था की स्थिति पर सख्त नाराजगी जताते हुए मंत्री राकेश सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन के कार्य को अगले कुछ महीनों में पूरा करना बेहद जरूरी है और इसके लिए नगर निगम को सख्त कदम उठाने होंगे। इसके अलावा, शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए भी तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

### महापौर की गैरमौजूदगी पर विपक्ष ने कसा तंज

बैठक के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अनुपस्थिति पर विपक्षी कांग्रेस पार्षद दल ने सवाल उठाए। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि महापौर की गैरमौजूदगी से यह साफ जाहिर हो रहा है कि प्रदेश सरकार और नगर निगम के बीच समन्वय की भारी कमी है, जिसका असर शहरवासियों पर पड़ रहा है। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी और सचेतक अयोध्या तिवारी ने कहा कि यह बैठक नगर निगम से संबंधित थी, जिसमें सभी अधिकारी मौजूद थे, लेकिन नगर निगम के प्रमुख यानी महापौर बैठक में अनुपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर, एक पक्ष का आरोप यह भी है कि महापौर को बैठक में बुलाया ही नहीं गया था। इस मुद्दे पर नगर निगम के अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन इस मुद्दे ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है, जो आगामी दिनों में और गहरा सकती है।

### समस्या का समाधान कब?

सीवर लाइन का काम और सफाई व्यवस्था की समस्याओं को लेकर मंत्री राकेश सिंह की नाराजगी के बाद अब यह देखना होगा कि नगर निगम और प्रदेश सरकार इन मुद्दों का समाधान कब तक कर पाती है। नागरिकों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, और अब यह जिम्मेदारी अधिकारियों पर है कि वे इन समस्याओं का समाधान जल्दी से जल्दी करें, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके।

## मानस सेवा के तहत खेरमाई वार्ड में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जबलपुर।** विधानसभा क्षेत्र के सात दिवसीय मानव सेवा का संकल्प स्वास्थ्य शिविर के तीसरे दिन शनिवार को भानतलैया स्कूल खेरमाई वार्ड में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ जो शाम 05 बजे तक जारी रहा। महिला एवं पुरुषों ने भारी तादाद में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। तीसरे दिन लगभग 3360 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया जिसमें 975 हितग्राहियों का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया। 115 हितग्राहियों के मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पंजीयन किए गए, वहीं 1680 हितग्राहियों को दवाइयों का वितरण किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि मानव सेवा का जो संकल्प लिया है, पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अलावा अन्य विधानसभा क्षेत्र की जनता को भी उक्त शिविर में स्वास्थ्य का लाभ दिया जा रहा है। इस शिविर में दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, संजय अहिरवार, धर्मेन्द्र पटारिया, मन्नू पंडा, जीत जांगड़े, मुरलीधर राव, राजेश दीवान, अभिषेक चंदेल, दिलीप जाट, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, पांडू कश्यप, बबलू भोजक, कमल रजक सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 23 फरवरी रविवार को बीमा हॉस्पिटल कांचघर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।



तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव 24 फरवरी से

# भगवान गुप्तेश्वर महादेव भव्य रजत श्रृंगार में भक्तों को देंगे दर्शन



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर स्थित स्वयंभू सिद्धपीठ श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में इस वर्ष भगवान शिवलिंग का भव्य रजत (चांदी) अलंकरण किया जा रहा है। इस पावन अवसर को और अधिक दिव्य एवं भव्य बनाने हेतु त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में संतों, विद्वानों, श्रद्धालुओं एवं शिव भक्तों की विशेष उपस्थिति रहेगी। आयोजन परम पूज्य गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा एवं भगवान के अनन्य भक्त द्वारिका प्रसाद मिश्रा एवं परिवार के द्वारा भगवान को रजत अर्पित किया जा रहा है।

भगवान गुप्तेश्वर महादेव का महत्व

श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर जबलपुर की प्राचीनतम शिव स्थली में से एक है। यह मंदिर मां नर्मदा के दक्षिण तट पर स्थित है और यहां विराजमान भगवान शिव स्वयंभू रूप में गुफा के भीतर प्रतिष्ठित हैं। मान्यता है कि भगवान शिव स्वयं इस गुप्त गुफा में प्रकट हुए थे, इसलिए इन्हें 'गुप्तेश्वर महादेव' के नाम से जाना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि जो भी सच्चे मन से यहां भगवान शंकर की उपासना करता है, उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

भगवान शिवलिंग का रजत अलंकरण आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व

इस वर्ष भगवान गुप्तेश्वर महादेव का श्री रजत अलंकरण किया जा रहा है। रजत (चांदी) को शुद्धता, शीतलता एवं चंद्रमा से संबंध रखने वाली धातु माना जाता है, जो भगवान शिव के परम प्रिय तत्वों में से एक है। इस पावन कार्य का उद्देश्य भगवान गुप्तेश्वर जी के शिवलिंग का क्षरण हो रहा है उसको बचाने एवं शिव के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति को प्रकट करना तथा इस आध्यात्मिक स्थल को और अधिक आलौकिक स्वरूप प्रदान करना है। त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव विशेष कार्यक्रम 24 फरवरी से प्रारंभ होगा, जिसमें रजत अलंकरण समारोह शाम 4:00 बजे होगा। 25 फरवरी को ध्वज अर्पण एवं मेंहदी उत्सव, 26 फरवरी को भंडारा एवं पांच महाआरती की जाएगी।

गुप्तेश्वर सेवा समिति के सदस्य द्वारिका प्रसाद मिश्रा, एड. राजेश तिवारी, रघुवीर भंडारी, राजेन्द्र त्रिपाठी, कमलेश जायसवाल, ऋषभ मिश्रा, हरीष कुमार सचदेवा, सत्यम मिश्रा, उत्कर्ष रावत, सुषमा केसरवानी, मनप्रीत वाजवा, सर्वेश रजक, दीपिका पाली, रश्मि गुप्ता, कुस्तुभ मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

जबलपुर हॉस्पिटल में मेक्सिलोफेशियल सर्जरी वर्कशॉप जारी

# मेक्सिलोफेशियल सर्जरी से बच्ची के चेहरों को बनाया सुव्यवस्थित



**जबलपुर।** 27वीं मेक्सिलोफेशियल सर्जरी कार्यशाला में 22 फरवरी को मैनपुरी उत्तरप्रदेश से आई 13 वर्षीय सौम्या के चेहरे पर जन्मजात क्रेनियोफेशियल डिफोर्मिटी जिसे 'हाइपरटिलारिज्म' कहा जाता है जिससे बेडौल नाक, दोनों आँखों के बीच की दूरी बहुत अधिक थी जिससे उसके चेहरे की बेडौलता की वजह से उसे सारे बच्चे तिरस्कार की नजरों से देखते थे उसके चेहरे, नाक एवं आँखों के चारों ओर की हड्डियों का ऑपरेशन कर उसके चेहरे को सुडौल बनाया गया। इस ऑपरेशन को अमेरिका से पधारे डॉ. घाली, डॉ. स्तवन पटेल एवं डॉ. राजेश धीरावाणी की टीम द्वारा संपन्न किया गया एवं निश्चेतना डॉ. रीपमाला द्वारा दी गई। दूसरा ऑपरेशन 20 वर्षीय युवक का किया गया जिसे बचपन में रेब्डोमायोसारकोमा की बीमारी ऊपरी एवं निचले जबड़े में होने के पश्चात कीमोथैरेपी एवं रेडियोथैरेपी द्वारा इलाज किया गया। जिससे उसके चेहरे के एक तरफ का विकास रुक गया सीटी स्केन की डायकोम फाइल को मुंबई की थ्री डी प्रिंटिंग लैब में भेजकर उसके चेहरे की बेडौलता को ठीक करने 'पीक' मटेरियल के इम्प्लांट उसके चेहरे पर सर्जरी करके लगाये गए एवं चेहरे को सुडौल बनाया गया। इस ऑपरेशन को अमेरिका से पधारे डॉ. माइकल टर्नर, डॉ. अंकित शर्मा एवं डॉ. आदित्य धीरावाणी द्वारा संपन्न किया गया एवं निश्चेतना डॉ. भरत श्रीवास्तव ने दी। तीसरा ऑपरेशन जिसमें 34 वर्षीय महिला जो ग्रामीण क्षेत्र से आई थी उसे निचले जबड़े में अमीलोब्लास्टोमा ट्यूमर होने की वजह से चेहरा कुरूप हो गया था, खाने में भी परेशानी थी, उसके निचले जबड़े को आधा काटकर ट्यूमर निकाला गया एवं जबड़े को पैर की हड्डी फिबुला से माइक्रोवेस्कुलर स्कास्टिक सर्जरी द्वारा पुनः बनाया गया। इसे डॉ. घाली, डॉ. अंकित शर्मा द्वारा किया गया एवं निश्चेतना डॉ. प्रतिभा जैन द्वारा दी गई। आज का चौथा ऑपरेशन तम्बाकू खाने की वजह से जबड़े मुंह का केंसर होने की वजह से खाने-पीने में मजबूर 50 वर्षीय पुरुष का किया गया, जिसके आधे जबड़े को काटकर अलग करने के साथ गर्दन में गले की लिम्फनोड को भी अलग किया गया। इस ऑपरेशन को डॉ. प्रीति जैन, अंजनेय दुबे द्वारा एवं निश्चेतना डॉ. रीपमाला द्वारा दी गई। सभागार में बैठे अन्य चिकित्सकों को लाइव सर्जरी में ऑपरेटिंग सर्जन के द्वारा सर्जरी की व्याख्या विस्तार से की गई जिसका कोआर्डिनेशन डॉ. लक्ष्मी शेट्टी पुणे एवं डॉ. सुमित असरानी द्वारा किया गया। रविवार को कार्यशाला के अंतिम दिन कुछ और जटिल ऑपरेशन संपन्न होंगे।

# 21वें निःशुल्क नेत्र शिविर में 500 से अधिक नेत्र रोगियों की जांच हुई



**जबलपुर।** हर तीर्थ के दर्शन करने के लिए नेत्रों का स्वस्थ होना चाहिए, ईश्वरीय कृपा से हृदय चक्षु में भगवत दर्शन होते हैं। भौतिक रूप से नेत्रों का परीक्षण चिकित्सा विज्ञान में संभव है। महापुरुष भगवान स्वरूप में विराट स्वरूप में आशीर्वाद देते हैं। गुरु चरणों का आशीर्वाद मिलते ही शिष्य शून्य से शिखर पर पहुंच जाते हैं। गुरु संत महात्माओं परमात्मा का सानिध्य प्राप्त होते ही धर्म संस्कृति की ध्वजा पताका को लेकर शिष्य सारे जगत के कल्याण के लिए कार्य करता है। संतों की कृपा, परमात्मा के आशीर्वाद से वर्ष 2005 से साकेतवासी पूज्य नृसिंह पीठाधीश्वर महंत रामचंद्रदास की पावन स्मृति में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर नरसिंह मंदिर में पूज्य जगतगुरु डॉ. श्यामदेवाचार्य महाराज के सूक्ष्म दिव्य कृपा छाया में स्वामी कौशल किशोरदास बड़े भक्तमाल अयोध्या, राम रंगी द्वाराचार्य जगद्गुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद, स्वामी कलिकानंद, स्वामी मुकुंददास, आचार्य वासुदेव शास्त्री, श्रीकृष्ण राज आराध्य ने आशीर्वाद दिया।



## शोभायात्रा से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

**जबलपुर।** पाटन रोड स्थित करमेता में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 से 28 फरवरी तक किया गया है, जिसमें भागवत के आचार्य जबलपुर करमेता निवासी विजय गौतम की सुपुत्री सुश्री अनुष्का गौतम के मुख वाणी से भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। 21 फरवरी को उनके निजस्थान से भागवत जी की बड़ी धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई, व्यास पीठ तक लाकर कथा का शुभारंभ किया गया।

# ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट में पांच दिवसीय इनोवेशन बूटकैम्प का हुआ समापन




**जबलपुर।** एआईसीटीई (ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन) और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा प्रायोजित पाँच दिवसीय इनोवेशन, डिज़ाइन और एंटरप्रेन्योरशिप बूटकैम्प स्टेज-।। का समापन समारोह ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, जबलपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण के तहत आयोजित किया गया है। इस बूटकैम्प में भारत के विभिन्न हिस्सों से 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य युवाओं में नवाचार और उद्यमिता कौशल को बढ़ावा देना था। समापन समारोह की शुरुआत मान्यवरों का स्वागत करते हुए की गई। इसके बाद डॉ. नीता नाथानी और डॉ. प्रीति राय ने बूटकैम्प की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रतिभागियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और यह बताया कि इस कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक रचनात्मकता, डिज़ाइन सोच और उद्यमिता को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को पूरा किया है। इस अवसर पर प्रमुख व्यक्तित्वों की उपस्थिति रही, जिनमें नितिन कुमार (एआईसीटीई), शेख वसीम (वाधवानी फाउंडेशन), इंजीनियर डी.सी. जैन, अध्यक्ष डॉ. राजनीत जैन, सचिव डॉ. पंकज गोयल, इंजीनियर अपूर्व सिंघई, इंजीनियर विशेष जैन और अन्य प्रतिष्ठित संकाय सदस्य शामिल थे।



## रेल स्काउट कार्यालय में आयोजित किया गया विचार दिवस कार्यक्रम

**जबलपुर।** जिला स्काउट कार्यालय जबलपुर मंडल पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स द्वारा स्काउटिंग के संस्थापक रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पॉवेल (बीपी) और लेडी बीपी का जन्मदिवस 'विचार दिवस' के रूप में मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम जिला सचिव अनिल चौबे द्वारा छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया जिसके बाद कु. यनन्या डोंगरे द्वारा बीपी की जीवनी पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर, सुबोध विश्वकर्मा, राजश्री द्विवेदी, सच्चिपति नंदन, विमलेश तिवारी, संजीव तिवारी, स्काउटर कृष्णा उपाध्याय, शुभम कुशवाहा, अब्दुल वाजिद एवं मंडल के स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

# स्काउट्स एंड गाइड्स ने मनाया विश्व विचार दिवस



**जबलपुर।** भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ जबलपुर द्वारा राज्य मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार और सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट घनश्याम सोनी के मार्गदर्शन में 22 फरवरी 2025 को स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पॉवेल का जन्म दिवस जिसे गर्ल गाइड्स और गर्ल स्काउट्स आंदोलन के अतीत वर्तमान और भविष्य को किस प्रकार बेहतर बनाए की थीम पर मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिंकुंज विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर एवं अध्यक्ष जिला संघ जबलपुर, विशिष्ट अतिथि अजय तिवारी जिला संरक्षक, डॉ. विजयकांत तिवारी जिला मुख्य आयुक्त जिला संघ जबलपुर, देवेन्द्र कुमार भट्ट जिला संघ जबलपुर रहे। इस अवसर पर सभी विद्यालय के स्काउट्स एंड गाइड्स को रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर का भ्रमण कराया गया, जिसमें उन्होंने महाकौशल क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत एवं संस्कृति को नज़दीक से जाना। जिला संघ द्वारा आयोजित 'क्लाइमेट चेंज और स्काउट का समृद्ध इतिहास' विषय पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रथम पुरस्कार विहान देवरगड़, द्वितीय पुरस्कार यशिका, तृतीय पुरस्कार सृष्टि कोल को मिला।

# विराट पुस्तक मेला एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी 25 फरवरी से



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में एक विराट पुस्तक मेला एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन 25 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक शहीद स्मारक ग्राउण्ड, गोलबाजार, जबलपुर में किया जा रहा है, जो प्रतिदिन पूर्वान्ह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। इस पुस्तक मेला में युगऋषि, वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा मानव जीवन की लगभग सभी समस्याओं के समाधान हेतु जीवनोपयोगी साहित्य उपलब्ध होगा। यह साहित्य जाति, वर्ग, धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर मानव मात्र के कल्याण के लिए युगऋषि द्वारा लिखा गया है जिसमें वेद, पुराण, उपनिषद, धर्म दर्शन स्मृति, गायत्री एवं यज्ञ का तत्वदर्शन, संस्कार, उपासना, साधना, वनौषधि विज्ञान, अध्यात्म का वैज्ञानिक प्रतिपादन, स्वावलंबन, शिक्षा, ग्राम्य प्रबंधन, व्यक्ति, परिवार, समाज एवं राष्ट्र निर्माण, छात्रोपयोगी, पर्यावरण, नारी जागरण, ज्योतिष विज्ञान, गीत-संगीत आदि विषयों पर विशाल साहित्य की श्रृंखला उपलब्ध होगी।




**श्रीमती प्रतिभा शुक्ला-** चैतन्य सिटी तिलहरी निवासी श्री संजय शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिभा शुक्ला (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई सैनी-** ग्रीन सिटी रोड गोल्ड टाउन निवासी श्री राज किशोर सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई सैनी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बृज लाल पृथ्यानी-** रसीदगंज नया मोहल्ला निवासी श्री बृज लाल पृथ्यानी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रताप सिंह सैनी-** न्यू शोभापुर कॉलोनी निवासी श्री प्रताप सिंह सैनी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कैलाश चंद्र दीक्षित-** गुप्ता कॉलोनी गढ़ाफाटक निवासी श्री कैलाश चंद्र दीक्षित (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज पटेल-** राजीव गांधी नगर निवासी श्री सूरज पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता राजपूत-** जेडीए कॉलोनी कटंगा निवासी प्रेमचंद राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता राजपूत (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मयूर कुमार चौधरी-** बाबा टोला रविदास नगर निवासी श्री रोशन लाल चौधरी के पुत्र श्री मयूर कुमार चौधरी (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेम लाल श्रीवास-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री प्रेम लाल श्रीवास (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार अतरखेल-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री राजेंद्र कुमार अतरखेल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बाला ओंडेला-** रक्षा कॉलोनी रांझी निवासी श्रीमती कुसुम बाला ओंडेला का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश चौधरी-** सिंधी कैंप बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री सुरेश चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम स्वरूप यादव-** एपीआर कॉलोनी 2, बिलहरी निवासी श्री राम स्वरूप यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृष्ण कुमार राजपूत-** भरतीपुर सामुदायिक भवन के पास निवासी श्री अशोक राजपूत के पुत्र श्री कृष्ण कुमार राजपूत (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार राव-** बिलहरी पोस्ट आफिस के पीछे निवासी श्री सुरेश कुमार राव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र प्रसाद सोनकर-** भरतीपुर निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद सोनकर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्यामल चौधरी-** प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री श्यामल चौधरी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनिया बाई बंशकार-** रांझी थाने के पीछे निवासी श्री बाबू लाल बंशकर की धर्मपत्नी श्रीमती सुनिया बाई बंशकार (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती इंद्रा बाई पांडे-** शिवनगर गढ़ा गुलौआ निवासी श्री राजाराम पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा बाई पांडे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री यशवंत परांजपे-** दाना बाबा सैनिक सोसायटी साकार हिल्स निवासी श्री यशवंत परांजपे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील कोल-** ललपुर नई बस्ती निवासी श्री लखन कोल के पुत्र श्री सुनील उर्फ मधु कोल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरिचरण दास गौतम-** मप्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री हरिचरण दास गौतम (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

अनेक प्रदेश से महाकुंभ प्रयागराज आने-जाने वाले हजारों लोग कर रहे भोजन ग्रहण

# महाकुंभः गांधीग्राम में लगातार हो रहा भंडारे का आयोजन



**सिहोरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर सिहोरा हाईवे सड़क मार्ग पर गांधीग्राम तिराहे पर मानव सेवाभाव का अनूठा उदाहरण देखने को मिल रहा है यहां पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के संयोजन में लगातार 12 दिनों से सुबह से लेकर शाम तक जहां महाकुंभ प्रयागराज जाने आने वाले यात्रियों को स्वल्पाहार, भोजन,चाय,पानी का वितरण किया जा रहा है वहीं अनेक यात्री रात्रि के समय निःशुल्क विश्राम भी कर रहे हैं। रात्रि विश्राम करने वाले यात्रियों के लिए प्रसाधन,सोने के कपड़े, स्नान हेतु व्यवस्था आदि का प्रबंध भी किया गया है।

हाइवे सड़क किनारे आयोजित इस भंडारे में भारत के विभिन्न प्रदेशों में मध्यप्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, हैदराबाद सहित अन्य प्रांत के महिला पुरुष बड़ी संख्या में ठहरकर भंडारे में भोजन ग्रहण कर मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं।

एक बार में हजारों लोगों का बन रहा खाना- भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल द्वारा भंडारे कार्यक्रम में भोजन बनाने के लिए ऐसे बर्तन की उपलब्धता कराई गई है कि 5 हजार लोगों का खाना एक साथ बन जाता है जहां खाना के तैयार किया जाता है वहां भक्तों की टीम सेवाकार्य में लगी हुई है। जो सुबह से लेकर शाम तक अनवरत जारी रहता है। आयोजन बघेल ने कहा है कि मानवता की सेवा करना ही सच्चा धर्म है।

## ग्राम भंडरा में बनेगा सामुदायिक भवन

**सिहोरा।** सिहोरा विधानसभा के अन्तर्गत ग्राम भंडरा(राजा) के पचेलगढ़ महाराजा संग्राम शाह के 52 गढ़ में शामिल के विकास क्रम को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक मांगलिक सामुदायिक भवन बनेगा जिससे आमजन को शादी विवाह करने में हो रही परेशानी से छुटकारा मिल जायेगा। नीलेश प्रताप सिंह ने बताया। विभिन्न सार्वजनिक आयोजनों के लिए अभी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था क्षेत्रीय जनों की मांग पर विधायक संतोष बरकडे ने भवन की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

2024 में लेन-देन मूल्य 246.83 लाख करोड़ का हो गया

यूपीआई हर महीने करीब 16 अरब से अधिक लेनदेन संभाल रहा है और 2030 तक यह तीन गुना बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि रियल-टाइम धोखाधड़ी का पता लगाना, क्लाउड-नेटिव तकनीक और मजबूत डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था अब जरूरी हो गई है

देश में वित्तीय समावेशन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा

# यूपीआई से भारत में डिजिटल भुगतान में आई क्रांति डिजिटल लेनदेन में हिस्सेदारी बढ़कर 84 फीसदी हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) डिजिटल लेनदेन और वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है। वित्त वर्ष 2024 में किए गए हर पांच में से चार डिजिटल लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए जिससे इसकी हिस्सेदारी 84 प्रतिशत तक पहुंच गई है। फिनटेक कंसल्टिंग और एडवाइजरी फर्म 'द डिजिटल फिफ्थ' की रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई सिर्फ एक भुगतान प्रणाली (पेमेंट सिस्टम) नहीं है।

बल्कि यह भारत के लिए एक संपूर्ण डिजिटल इकोसिस्टम के रूप में कार्य कर रहा है। फर्म के संस्थापक और सीईओ समीर सिंह जैनी के मुताबिक यूपीआई हर महीने करीब 16 अरब से अधिक लेनदेन संभाल रहा है और 2030 तक यह तीन गुना बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि रियल-टाइम धोखाधड़ी का पता लगाना, क्लाउड-नेटिव तकनीक और मजबूत डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था अब जरूरी हो गई है ताकि डिजिटल पेमेंट सिस्टम सुरक्षित और निर्बाध रूप से काम कर सके।



## देश में 3 करोड़ से अधिक व्यापारी यूपीआई से जुड़े हुए

### तेजी से बढ़ रहा यूपीआई लेनदेन

2018 में यूपीआई के जरिए कुल 375 करोड़ लेनदेन किए गए थे जबकि 2024 में यह संख्या 17,221 करोड़ तक पहुंच गई। लेनदेन का कुल मूल्य भी 2018 में 5.86 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 में 246.83 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में भारत के डिजिटल भुगतान में यूपीआई की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत थी जो 2024 में 83 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। यह बढ़त कार्ड और वॉलेट आधारित लेनदेन की तुलना में काफी तेज रही है।

### वित्तीय प्रौद्योगिकी में गेम चेंजर

यूपीआई ने अपनी सहजता, सुरक्षा और बहुउपयोगिता के साथ भारत में डिजिटल भुगतान को पूरी तरह से बदल दिया है। चौबीसों घंटे लेन-देन की सुविधा प्रदान करके और सिंगल-क्लिक भुगतान और वर्चुअल एड्रेस जैसी सुविधाएँ प्रदान करके, यह उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा और गोपनीयता दोनों सुनिश्चित करता है। एक ऐप में कई बैंकिंग सेवाओं को एकीकृत करने की इसकी क्षमता इसे वित्तीय प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर बनाती है।

### व्यापारियों के बीच बढ़ी लोकप्रियता

*देश में 3 करोड़ से अधिक व्यापारी (मर्चेंट्स) यूपीआई से जुड़े हुए हैं, और मर्चेंट-टू-कस्टमर लेनदेन 67 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है। यह पीयर-टू-पीयर लेनदेन से अधिक तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता और डिजिटल भुगतान में इसकी मजबूत पकड़ दिखाती है कि भारत तेजी से कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में यूपीआई डिजिटल ट्रांजैक्शन का सबसे बड़ा माध्यम बना रहेगा।*




### 2016 में लॉन्च हुआ था यूपीआई

*नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत करके देश के भुगतान इकोसिस्टम में क्रांति ला दी है। इसके प्लेटफॉर्म से 632 बैंक जुड़े हैं। यह प्रणाली बिना देरी किए रुपयों का हस्तांतरण, व्यापारी भुगतान और पीयर-टू-पीयर लेनदेन को सक्षम बनाती है। यूपीआई ने न केवल वित्तीय लेन-देन को तेज, सुरक्षित और सरल बना दिया है, बल्कि इसने आम लोगों, छोटे व्यवसायों और व्यापारियों को भी सशक्त बनाया है, जिससे देश नकदी रहित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हुआ है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि समावेशी विकास और आर्थिक प्रगति के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।*

---


## खबर संक्षेप

### मॉरीशस में मुख्य अतिथि होंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने मॉरीशस की यात्रा करेंगे। वे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम ने नेशनल असेंबली में इसका ऐलान किया। रामगुलाम ने इसे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों का प्रमाण बताया। हर साल 12 मार्च को मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है। इसे 12 मार्च, 1968 को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी। मॉरीशस स्वतंत्रता की 57वीं वर्षगांठ मना रहा है।

### बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर धमाका, जांच शुरू



**अमृतसर।** अमृतसर में बीएसएफ हेडक्वार्टर खासा कैंट के गेट नंबर 3 के बाहर शुक्रवार देर रात करीब 1.30 बजे जोरदार धमाका हुआ। धमाके के बाद आसपास इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस व सैन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं सैन्य अधिकारी और पुलिस अधिकारी इस बात से पूरी तरह इनकार कर रहे हैं कि किसी भी तरह का कोई ब्लास्ट हुआ है। वहीं दूसरी तरफ विदेश में बैठे आतंकी हैप्पी पासियां और गोपी नवाब शहरियों ने ब्लास्ट की जिम्मेदारी ली।

---

पीएम शेरिंग तोबगे के दौरे पर विदेश मंत्रालय का बयान

# आपसी समझ, विश्वास, सदभावना से दोस्ती और सहयोग की मिसाल



विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान की मित्रता और सहयोग के संबंध भरोसे, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत भूटान के पीएम का दौरा हुआ, जो हमारी विशेष साझेदारी की पहचान है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के संबंध एक मिसाल हैं, जो विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे का भारत दौरा हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणवीर जायसवाल ने शनिवार को यह बात कही। तोबगे ने 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' (एसओयूएल) के पहले नेतृत्व सम्मेलन में भाग लेने के लिए 20 से 21 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा की, जिसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था। मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान तोबगे ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भूटान के पीएम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना एवं प्रसारण मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और केंद्र सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात की।

■ पीएम तोबगे ने कई मंत्रियों से की मुलाकात

### तोबगे बोले- मोदी ने सदैव मेरा मार्गदर्शन किया

#### ऐतिहासिक साझेदारी गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध

*एसओयूएल लीडरशिप सम्मेलन में भूटान के पीएम महामहिम शेरिंग तोबगे के संबोधन की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि हम भारत और भूटान के बीच अनोखी और ऐतिहासिक साझेदारी को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि एक बार फिर अपने मित्र पीएम शेरिंग तोबगे से मिलकर खुशी हुई। लीडरशिप सम्मेलन में उनके संबोधन की सराहना करता हूँ। हम भारत और भूटान के बीच अनोखी और ऐतिहासिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।*



#### दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान परंपरा

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान की मित्रता और सहयोग के संबंध भरोसे, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत भूटान के पीएम का दौरा हुआ, जो हमारी विशेष साझेदारी की पहचान है।

#### पीएम मोदी को बताया बड़ा भाई और गुरु

*'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' समिट में शुक्रवार को तोबगे ने पीएम मोदी को अपने 'बड़े भाई' और 'गुरु' के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा, निसंदेह मैं आपमें एक बड़े भाई की छवि देखता हूं, जो हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते हैं और मुझे मदद देते हैं। तोबगे ने 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' समिट को मोदी की बुद्धिमत्ता का परिणाम बताया और कहा कि यह उनके नेतृत्व सही नेताओं को आगे बढ़ाने और उन्हें महान भारतीय गणराज्य की सेवा में सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।*

---

भारतवंशी काश पटेल बने एफबीआई निदेशक

# गीता पर हाथ रखकर ली शपथ न्याय के प्रति जताई प्रतिबद्धता



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई) के निदेशक भारतवंशी काश्यप पटेल जिन्हें मीडिया काश पटेल के नाम से संबोधित करता है, ने भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। समारोह के दौरान उनके परिवार के सदस्य और उनकी महिला मित्र मौजूद थीं। इसका आयोजन व्हाइट हाउस परिसर में आइजनहावर कार्यकारी कार्यालय भवन (ईईओबी) में किया गया।

उनकी महिला मित्र शपथ के दौरान भावुक दिखीं। अमेरिकी अटार्नी जनरल पाम बांडी ने पटेल से गीता पर हाथ रखकर शपथ लेने के लिए दाहिना हाथ उठाने कहा। पटेल ने कहा कि मैं अमेरिकी सपने को जी रहा हूं। जो कोई सोचता है कि अमेरिकी ड्रीम दम तोड़ चुका है, वह यह देखे। आप पहली पीढ़ी के भारतीय बच्चे से बात कर रहे हैं, जो इस महान राष्ट्र की महत्वपूर्ण एजेंसी का नेतृत्व करने वाला है। ऐसा कहीं और नहीं हो सकता है।

### काश के लिए बहुत सम्मानः ट्रंप

ट्रंप ने पटेल की तारीफ करते हुए कहा कि खुफिया एजेंटों के मन में काश के लिए बहुत सम्मान है। मुझे लगता है कि वह इस पद पर अब तक के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बनेंगे। पटेल के पद संभालने के साथ ही संघीय जांच ब्यूरो ने वाशिंगटन मुख्यालय से 1,500 कर्मचारियों को ट्रांसफर करने का आदेश दिया। लगभग 1,000 कर्मचारियों को अमेरिका के आसपास के क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज दिया जाएगा, अन्य 500 को अलबामा में हंट्सविले ट्रांसफर करने का आदेश दिया जाएगा। संघीय सरकार के आंकड़ों के अनुसार, ब्यूरो के पास जून 2024 तक वाशिंगटन में 9,414 कर्मचारी थे, जबकि देशभर में 37,478 कर्मचारी थे।

### जनता का विश्वास बहाल करेंगे

*पटेल ने कहा कि एफबीआई की एक लंबी विरासत है। जी-मेन से लेकर 9/11 के बाद हमारे देश की सुरक्षा तक। अमेरिकी लोग एक ऐसी एफबीआई के हकदार हैं जो पारदर्शी, जवाबदेह और न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हो। हमारी न्याय प्रणाली के राजनीतिकरण ने जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है। मगर यह आज खत्म हो गया है।*

---

भारत-जापान इकोनॉमी एंड इन्वेस्टमेंट फोरम में बोले पीयूष

# भारत का पांचवां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक जापान, 43 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जापान, भारत का एक मुख्य साझेदार है और जापान की ओर से 2000 से लेकर 2024 के बीच 43 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है, जो इसे भारत का पांचवां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक बनाता है। भारत-जापान इकोनॉमी एंड इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने सरकार का उद्देश्य जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना है और इस लक्ष्य को हासिल करने में जापान एक अहम साझेदार होने वाला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जापान उत्कृष्टता के लिए एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करता है और भारत मैन्युफैक्चरिंग में समान उच्च मानकों को अपनाने का प्रयास कर रहा है।

### 1400 से अधिक जापानी कंपनियां भारत में

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि करीब 1,400 से अधिक जापानी कंपनियां भारत में ऑपरेट कर रही हैं और 8 राज्यों में 11 इंडस्ट्रियल टाउनशिप जापानी इंटरप्राइजेज की मेजबानी कर रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल और दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु और चेन्नई के मेट्रो सिस्टम में जापान पार्टनर है जो भारत के विकास में जापान की अहम भूमिका को दिखाता है।

---

जयशंकर ने तौहीद हुसैन को दी चेतावनी

# विदेश मंत्री ने कहा-अब बांग्लादेश आतंकवाद को सामान्य न बनने दे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से दो टूक शब्दों में कहा था कि ढाका आतंकवाद को सामान्य न बनने दे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह खुलासा किया। दोनों नेताओं की मुलाकात इस सप्ताह की शुरुआत में मस्कट में हुई थी। बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार के साथ बातचीत द्विपक्षीय संबंधों और बिम्सटेक पर केंद्रित थी।



### मोदी और यूनुस के मिलने पर चर्चा

बातचीत के दौरान अप्रैल में बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच एक बैठक करने का विषय भी उठा। बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल' (बिम्सटेक) का छठा शिखर सम्मेलन 2-4 अप्रैल को बैंकॉक में होगा।

---

ईरान के जनरल इब्राहिम जब्बारी ने इजराइल को दी चेतावनी

# 'ऑपरेशन टू प्रॉमिस 3' से तेल अवीव को मिट्टी में मिला देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच मिसाइलों की जंग के बाद अब जुबानी जंग छिड़ गई है। दोनों देश अब एक दूसरे को खुलकर धमकी दे रहे हैं और हमला करने की बात कह रहे हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनरल इब्राहिम जब्बारी ने चेतावनी दी कि ईरान 'ऑपरेशन टू प्रॉमिस 3' के तहत इजराइल को मिट्टी में मिला देगा। सही समय पर, सटीकता के साथ और इजराइल को नष्ट करने और तेल अवीव और हाइफा को जमींदोज कर देगा। जब्बारी की टिप्पणी उच्च रैंकिंग वाले आईआरजीसी अधिकारियों की ओर से एक सप्ताह में तीसरी ऐसी धमकी है। उधर, इजराइली विदेश मंत्री गिदोन साआर ने जवाब देते हुए कहा, यदि यहूदी लोगों ने इतिहास से कुछ सीखा है, तो वह यह है यदि आपका दुश्मन कहता है कि उसका लक्ष्य आपको नष्ट करना है तो उस पर विश्वास करें। हम तैयार हैं।



### धमाकों के बाद यूएस दूतावास का अलर्ट

**येरूशलम।** इजराइल में तीन बसों में हुए बम धमाकों के बाद अमेरिकी दूतावास ने अलर्ट जारी किया है। इजराइल स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि 20 फरवरी को सार्वजनिक बसों में हुए विस्फोटों के बाद अत्यधिक सावधानी बरतते हुए अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों पर 14 दिन के लिए सार्वजनिक बसों और इजराइल में लाइट रेल का उपयोग करने पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी नागरिकों को लगातार सावधानी बरतने और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा है।

---

24 फरवरी से 9 मार्च ईस्ट फूजी युद्ध प्रशिक्षण क्षेत्र में होगा आयोजन

# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' के लिए भारतीय सेना जापान रवाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना का एक दल शनिवार को भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' में भाग लेने के लिए जापान रवाना हो गया। यह अभ्यास 24 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक जापान के ईस्ट फूजी युद्ध प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित होगा। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी। 'धर्म गार्जियन' एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है जो बारी-बारी से भारत और जापान में आयोजित किया जाता है। इसका पिछला संस्करण फरवरी-मार्च 2024 में राजस्थान में हुआ था। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों में भारत और जापान की सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय स्थापित करना है। भारतीय दल में 120 सैनिक शामिल हैं जिनमें से अधिकांश मद्रास रेजिमेंट के जवान हैं। इनके साथ अन्य यूनिट्स के सैनिक भी भाग ले रहे हैं। जापान की ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के 34वें इन्फैंट्री रेजिमेंट के समान संख्या में सैनिक इस अभ्यास में शामिल होंगे।

दोनों देशों की सैन्य साझेदारी और सांस्कृतिक संबंध गहरे होंगे

## भारतीय दल में 120 सैनिक शामिल, अधिकांश मद्रास रेजिमेंट से



### सामरिक अभ्यास और आपदा रणनीति पर जोर देंगे

दोनों सेनाएं संयुक्त रणनीति, सामरिक अभ्यास, शारीरिक फिटनेस और आपदा प्रतिक्रिया रणनीतियों पर जोर देंगी। इससे युद्ध कौशल विकसित करने, सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने और दोनों सेनाओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह अभ्यास अक्टूबर 2024 में भारत के थलसेना प्रमुख की जापान यात्रा के बाद रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा। भारत और जापान इस अभ्यास के जरिए क्षेत्रीय सुरक्षा, शांति और स्थिरता के प्रति अपनी साझी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह दोनों देशों की मजबूत सैन्य साझेदारी और सांस्कृतिक संबंधों को और गहरा करेगा। 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान की दोस्ती और विश्वास का प्रतीक है, जो उनके व्यापक रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाएगा।

### संभावित खतरों से निपटेंगे

भारत और जापान के बीच सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सुरक्षा परिदृश्य के संदर्भ में महत्वपूर्ण हो गया है। दोनों देश क्षेत्र में स्थिरता, विकास और अंतरराष्ट्रीय नियमों के प्रति सम्मान की समान सोच रखते हैं। नियमित संयुक्त सैन्य अभ्यास के माध्यम से, वे संभावित खतरों से निपटने और क्षेत्रीय शांति बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करेंगे।

---

राष्ट्रपति ट्रंप ने सीक्यू ब्राउन को हटाया

# लेफ्टिनेंट जनरल डैन कैन होंगे संयुक्त सेना के नए अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि उन्होंने संयुक्त सेना के अध्यक्ष सीक्यू ब्राउन को हटा दिया है। उनकी जगह वायु सेना के लेफ्टिनेंट जनरल डैन कैन को नया अध्यक्ष नामित किया गया है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि यह अमेरिकी सेना में बदलाव की शुरुआत है और आने वाले दिनों में और भी बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि नए अध्यक्ष के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल डैन "राजिन" कैन की नियुक्ति होगी। कैन एक अनुभवी एफ-16 पायलट हैं जिन्होंने



अमेरिकी वायु सेना और नेशनल गार्ड में अपनी सेवाएं दी हैं। हाल ही में, वे सीआईए में सैन्य मामलों के एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे। इसके अलावा, ट्रंप ने घोषणा की कि पेंटागन अपने बजट में कटौती करेगा और अगले हफ्ते 5,400 प्रोबेशनरी कर्मचारियों को हटाने की योजना बना रहा है।



## धनश्री वर्मा को तलाक के बाद मिली 60 करोड़ की एलिमनी

**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का तलाक हो चुका है। दोनों आपसी सहमति से एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। उनके बीच अलगाव की खबरें तो काफी समय से आ रही थीं, लेकिन अब जाकर कानूनी रूप से युजवेंद्र और धनश्री एक-दूसरे से अलग हुए हैं। यह चर्चा जोरों पर थी कि तलाक के बाद युजवेंद्र ने धनश्री को 60 करोड़ रुपये की एलिमनी दी है। अब इस मामले में धनश्री के परिवार ने चुप्पी तोड़ दी है। धनश्री के परिवार के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर बॉम्बे टाइम्स से कहा, एलिमनी को लेकर जो झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं, हम उनसे बहुत दुखी हैं। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं...न तो इतनी रकम कभी मांगी गई, ना ही हमारे सामने पेशकश की गई।

लाइफ Style

# कृति

## इस साल नहीं करेंगी शादी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृति सैनन पिछले काफी समय से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ अपने अफेयर को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि दोनों इस साल शादी करने वाले हैं। हाल ही में कृति अपने बॉयफ्रेंड कबीर के घरवालों से मिलने दिल्ली पहुंचीं। अब ताजा खबर यह है कि कृति इस साल शादी नहीं करेंगी।

दरअसल, अभिनेत्री इस वक्त अपनी आगामी परियोजनाओं की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसके चलते वह इस साल शादी के बंधन में नहीं बंधेगी। कृति इन वक्त दिल्ली में हैं और अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग कर रही हैं। इसके तुरंत बाद कृति अपनी अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर देंगी, जो 'कॉकटेल' का सीक्वल हो सकता है। एक सूत्र ने कहा, इस साल कृति के पास समय ही कहां है? वह अभी दिल्ली में हैं और 'तेरे इश्क में' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद वह एक सीक्वल की शूटिंग करेंगी।बीच में कोई ब्रेक नहीं है।

**बेंगलुरु में एक शादी में शामिल हुए थे कबीर और कृति** : पिछले दिनों कबीर और कृति को बेंगलुरु में एक शादी में साथ देखा गया था, जहां दोनों ने कपड़े भी एक ही रंग के पहने हुए थे और दोनों शादी का जमकर लुत्फ उठा रहे थे। बता दें कि 1999 में लंदन के एक अमीर परिवार में जन्मे 25 साल के कबीर ने 2018 में इंग्लैंड के बोर्डिंग स्कूल मिलफील्ड में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। कबीर ब्रिटेन की एक बड़ी ट्रेवल एजेंसी के मालिक कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं।



हॉलीवुड मसाला




## अभिनय के बाद निर्देशन में उतरेंगी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' फेम अभिनेत्री केट विंसलेट अभिनय में दमखम दिखाने के बाद निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण करने वाली हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, केट नेटफ्लिक्स के लिए 'गुडबाय जून' नामक फीचर फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री इस फिल्म में अभिनय भी करेंगी और इसका निर्माण भी वही कर रही हैं।फिल्म में टोनी कोलेट, जॉनी फ्लिन, एंड्रिया राइजबोरो, टिमोथी स्पाल और हेलेन मिरेन मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म की पटकथा विंसलेट के पूर्व पति सैम मेंडेस के बेटे जो एंडर्स ने लिखी है।




## भारत में धूम मचाने को तैयार रैपर एमिनेम...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर, गीतकार और रिकॉर्ड निर्माता एमिनेम उर्फ मार्शल ब्रूस मैथर्स के प्रशंसक दुनियाभर में फैले हुए हैं। भारत में भी उनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। एमिनेम पहली बार भारत में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। एमिनेम ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपने विश्व दौरे का ऐलान किया है, जिसकी शुरुआत 15 मार्च, से लॉस एंजिल्स से होगी और 22 जून, 2025 को वह मेलबर्न में अपने इस दौरे का समापन करेंगे। इस बीच 3 जून, को एमिनेम मुंबई में प्रस्तुति देने जा रहा हैं। उन्होंने लिखा, 'इंतजार खत्म हुआ। आखिरकार 3 जून को अपने पहले इंडिया शो के लिए मुंबई आ रहा हूं, जो मेरे 2025 वर्ल्ड टूर का हिस्सा है।' एमिनेम को 'मॉकिंगबर्ड', 'लूज योरसेल्फ', 'विदाउट मी', 'रैप गॉड', 'स्टेन', 'द रियल स्लिम शेडी' और 'नॉट अफ्रेड' जैसे गानों के लिए जाना जाता हैं।



## ऋचा व अली की शॉर्ट फिल्म हुई रिलीज

**मुंबई।** ऋचा चड्ढा और अली फजल काफी समय से अपनी शॉर्ट फिल्म 'टॉप्स' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसकी कहानी समलैंगिक रिश्ते पर आधारित है। इसमें उल्लास सम्राट और रोहित मेहरा मुख्य भूमिका में हैं, वहीं सुधांशु सरिया इस फिल्म के निर्माता हैं। अब सुधांशु के जन्मदिन के मौके पर इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म को आप लोटस विजुअल प्रोडक्शंस के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। शॉर्ट फिल्म 'टॉप्स' का निर्देशन अरविंद कौलागी ने किया है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। इसके अलावा ऋचा अपनी आगामी को लेकर 'आखिरी सोमवार' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसकी कहानी खुद ऋचा ने लिखी है। अभिनेत्री और निर्माता के बाद राइटर बन गई हैं।



## अक्षय ने निर्देशक अरुण से मिलाया हाथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार पिछली बार फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की थी। हालांकि, अक्षय ने फिल्म में अपने अभिनय के जरिए खूब वाहवाही लूटी थी। आने वाले दिनों में अक्षय की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं और अब उनके खाते से एक नई फिल्म जुड़ गई है। दरअसल, अक्षय पिछली बार धनुष के साथ 'कैप्टन मिलर' लेकर आए निर्देशक अरुण माथेश्वरन की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरुण माथेश्वरन बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और अपनी पहली हिंदी फिल्म के लिए वह अक्षय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अक्षय को उनकी फिल्म की कहानी पसंद आई है और वह इसका हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी भी दे चुके हैं।

टीवी मसाला



## सलमान-अमिताभ के बाद कपिल बने हाइएस्ट फीस वाले एक्टर...

**मुंबई।** कपिल शर्मा अपना शो लेकर टीवी से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पहुंच गए हैं। उनका दी ग्रेट इंडियन कपिल शो नेटफ्लिक्स पर आया है। अभी तक इसके दो सीजन आ गए हैं। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म ने तीसरे सीजन की तैयारी शुरू कर दी है। बीते दिनों नेटफ्लिक्स ने अनाउंस भी किया। इस शो के दो सीजन को अच्छी सफलता मिली। इसमें कई नेशनल और इंटरनेशनल स्टार भी पहुंचे हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन भले ही अभी शुरू नहीं हुआ है। लेकिन इसमें परफॉर्म करने वाले एक्टर्स की फीस सामने आ रही हैं। मिड डे की रिपोर्ट की माने तो शो के लिए कपिल शर्मा ने 5 करोड़ रुपए की फीस चार्ज की है। वहीं, सुनील ग्रोवर को 25 लाख प्रति एपिसोड, अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक 10-10 लाख रुपए प्रति एपिसोड और किकू शारदा को 7 लाख रुपए प्रति एपिसोड मिल रहे हैं। कपिल शर्मा नेटफ्लिक्स से हर एपिसोड से 5 करोड़ रुपए ले रहे हैं। वहीं, अमिताभ बच्चन भी केबीसी के एक एपिसोड के लिए 5 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं। एक एपिसोड के लिए सबसे ज्यादा फीस सलमान खान चार्ज करते हैं। उन्होंने बिग बॉस 17 के लिए 12 करोड़ रुपए की फीस ली थी। ऐसे में कपिल शर्मा तीसरे सबसे बड़े सेलेब्रिटी हैं, जो एक एपिसोड के लिए करोड़ों रुपए चार्ज करते हैं।

बता दें, कपिल शर्मा का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' साल 2024 में शुरू हुआ था। तब नेटफ्लिक्स ने पहले सीजन में 13 एपिसोड रिलीज किए थे। लेकिन सीजन की सफलता देखते ही उन्होंने दूसरे सीजन की अनाउंसमेट कर दी थी। अब जल्द ही वो तीसरा सीजन लेकर आएंगे। हालांकि ये जानकारी सामने नहीं आई है कि इस सीजन में कितने एपिसोड होंगे और कौन-कौन गेस्ट होगा।

वहीं, कपिल के शो के को-स्टार कृष्णा अभिषेक ने एक व्लॉग शेयर किया है। इसमें उन्होंने अपने शो के हिट होने का मंत्र बताया है। उन्होंने कहा, दूसरे सीजन की जब लॉन्चिंग हुई थी। तब इन्होंने (नेटफ्लिक्स) पोलका डॉट्स वाले कपड़े नहीं पहनने है। लेकिन कपिल भाई ने वही पहने थे। बाद में पता चला कि दूसरा सीजन हिट हुआ। तब से मेरा ऐसा मानना है कि जो ये लोग बोलें आप बिल्कुल मत करो।

## संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती के 40 लाख रुपए चुराने वाला ऑफिस बॉय सांबा से गिरफ्तार

**मुंबई।** 1938 में, रवींद्रनाथ टैगोर ने कथा काव्य संग्रह में परिशोध कविता में लिखा था:-

*राजकोष से चोरी! पकड़ो चोर को,*
*नहीं तो, नगरपाल, रक्षा नहीं तेरी,*
*मुण्ड रहेगा नहीं देह पर...*
*राजा के शासन में रक्षी दल*
*घर-घर, गली-गली चोर ढूंढते फिरते हैं...*

यह 2025 है। राजकोष से तात्पर्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीत निर्देशक प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस से है। यहां से चोरी किए गए 40 लाख रुपये लेकर फरार हुए चोर को मुंबई पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के सांबा शहर से गिरफ्तार कर लिया। चोर कोई और नहीं, बल्कि प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस का ऑफिस बॉय था।



उसका नाम आशिष बुटीराम सायल है, उम्र 32 वर्ष। 4 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे, मुंबई के उत्तर-पश्चिम उपनगर गोरेगांव में स्थित प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस **Unimas Record Private Limited** से आशिष बुटीराम ने 40 लाख रुपये की नकदी चुरा ली। यह राशि फिल्म इंडस्ट्री के एक क्लाइंट से प्राप्त हुई थी और प्रीतम चक्रवर्ती के सचिव, विनीत छेड़ा, ने इसे ऑफिस में एक ट्रॉली बैग में रखा था। योजना थी कि थोड़ी देर बाद विनीत यह पैसे प्रीतम चक्रवर्ती के घर लेकर जाएंगे और उनसे कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराएंगे। हालांकि, जब विनीत थोड़ी देर के लिए किसी और काम से बाहर गए और वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि ट्रॉली बैग गायब है। उन्होंने तुरंत आशिष बुटीराम को फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल बजता रहा और कुछ देर बाद स्विच ऑफ हो गया। यह देखकर विनीत को संदेह हुआ और उन्होंने तुरंत प्रीतम को सूचना दी। प्रीतम ने विनीत को मलाड पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराने को कहा। एफआईआर दर्ज होने के बाद, मलाड पुलिस ने गोरेगांव, मलाड, कांदिवली, चारकोप, वर्सोवा और मार्वे रोड क्षेत्रों में लगे लगभग 150 से 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। फुटेज में देखा गया कि आशिष बुटीराम कांदिवली इलाके में एक ऑटो-रिक्शा से उतरा, फिर कभी पैदल, कभी ऑटो-रिक्शा से सात-आठ घंटे तक अलग-अलग इलाकों में घूमता रहा।

## सांसें थाम देने वाली मर्डर मिस्ट्री, बॉक्स ऑफिस पर 10 गुना कमाई कर मचाया तहलका, बनी 2025 की पहली सुपरहिट

### मलयालम भाषा की इस साल की पहली सुपरहिट फिल्म 'रेखाचित्रम'

**मुंबई।** साउथ सिनेमा का बीते कुछ साल से जलवा रहा है और बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की है। इस साल भी साउथ सिनेमा की कुछ फिल्में अब तक खूब पैसा कमा चुकी हैं। हम आपके लिए बीते महीने रिलीज हुई एक सांसें थाम देने वाली मर्डर मिस्ट्री लेकर आए हैं। इस फिल्म की कहानी ने लोगों का दिमाग हिला दिया था। इतना ही नहीं इस हत्या और हत्यारे की खोज में लोग ऐसे उलझे थे कि कहानी कब खत्म हो जाती है पता ही नहीं चलता। इस फिल्म ने न केवल कहानी के दम पर लोगों को रिझाया बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी 10 गुना कमाई कर होश उड़ा दिए हैं। इस फिल्म का नाम है 'रेखाचित्रम' बीते महीने की 9 जनवरी को ये मलयालम फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



### मर्डर मिस्ट्री ने उड़ाया था लोगों के होश

इस मर्डर मिस्ट्री फिल्म की कहानी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म को 'जोफिन टी चाको' ने डायरेक्ट किया था। साथ ही लीड रोल में आसिफ अली, अनश्वरा राजन और मनोज के जयन नजर आए थे। कहानी जॉन मंथ्रिलल, रामू सुनील ने डायरेक्टर जोफिन के साथ मिलकर लिखी थी। फिल्म की कहानी एक हत्या की गुत्थी में उलझी हुई है जिसे सुलझाने के लिए एक खास पुलिस अधिकारी को बुलाया जाता है। अंत में दर्शकों को सारे सवालों के जवाब मिल जाते हैं।

### मलयालम भाषा की इस साल की पहली सुपरहिट

'रेखाचित्रम' फिल्म मलयालम भाषा में बनी इस साल की पहली सुपरहिट फिल्म भी बन गई है। महज 6 करोड़ रुपयों की लागत से बनी इस फिल्म ने कमाई के मामले में रिकॉर्ड तोड़ दिया है। फिल्म ने कुल 55 करोड़ रुपयों से ज्यादा का कलेक्शन सभी को चौंका दिया है। इतना ही नहीं ये फिल्म 10 गुना कमाई कर मलयालम भाषा की पहली सुपरहिट फिल्म बन गई है।

***ओटीटी पर जल्द ही होगी रिलीज*** : अब जल्द ही इस फिल्म को ओटीटी पर भी देखा जा सकता है। फिल्म की कहनी की भी जमकर तारीफ हुई है। साथ ही फिल्म के रिलीज के साथ ही इसका रिव्यू भी काफी अच्छा रहा था।

### हंसी और मजाक के साथ-साथ गंभीर मुद्दों को भी छुआ

# पंचायत के 'बनराकस' से भी ज्यादा हंसाकर लोटपोट कर देंगी ये वेब सीरीज

***मुंबई।*** *पंचायत वेब सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो का एक बेहतरीन कॉमेडी शो है, इसे आप आसानी से स्ट्रीम कर सकते हैं। यह वेब सीरीज़ ग्रामीण भारत की जिंदगी और उसके विभिन्न पहलुओं को एक हल्के और कॉमेडी पूर्ण तरीके से दिखाती है। इसकी कहानी एक युवा इंजीनियर के बारे में है, जो एक सरकारी नौकरी मिलने के बाद एक छोटे से गाँव में पंचायत सचिव के रूप में काम करने आता है। यह सीरीज़ न सिर्फ समाज के विभिन्न वर्गों और उनके संघर्षों को दिखाती है, बल्कि इस पूरे सफर को बहुत ही सहज और मनोरंजक तरीके से पेश करती है। अगर आप पंचायत से मिलती जुलती हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाली सीरीज देखना चाहते हैं जानिए इनके बारे में।*

**जमाई राजा** : यह एक बहुत ही शानदार ड्रामा शो है जिसमें सामाजिक वर्गों और पारिवारिक रिश्तों को अच्छे तरीके से दिखाया गया है। इसमें रोमांस और कॉमेडी का अच्छा मिश्रण देखने को मिलता है। अगर आप इस सीरीज-शो को देखना चाहते हैं तो आप इसे आसानी से जी5 पर देख सकते हैं। इस शो में भी आपको एक परिवार और परिवार के लोगों के बारे में काफी कुछ जानने को मिलने वाला है, इसे देखकर आपको लगने वाला है कि हर एक घर में इस शो वाला किरदार तो होता ही है।



**गुल्लक** : यह वेब सीरीज एक आम मिडल क्लास परिवार की जिंदगी को दिखाती है, जहां हर रोज की छोटी-छोटी बातें और घटनाएं हंसी का कारण बनती हैं। कहानी में मिश्रा परिवार के सदस्य अपने रोजमर्रा के कामों में जो कुछ भी करते हैं, उसे देखकर आपको अपनी बचपन की यादें ताज़ा हो जाएंगी। इसकी हल्की-फुल्की और सजीव कहानी आपको हंसी से लोटपोट कर देगी। इसे आप सोनी लाइव में देख सकते हैं।



**कोटा फैक्ट्री** : अगर आपको पंचायत में अभिषेक त्रिपाठी (सचिव जी) का किरदार पसंद आया था, तो आपको कोटा फैक्ट्री में जीतू भैया का किरदार भी पसंद आएगा। इसे आप नेटफिलिक्स में देख सकते हैं। यह कहानी कोटा में आईआईटी की तैयारी कर रहे छात्रों की है, जो हंसी और मजाक के साथ-साथ गंभीर मुद्धों को भी छूती है। एक छात्र की यात्रा में हास्य और भावनाओं का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।



**ये मेरी फैमिली** : गुल्लक और पंचायत जैसी सीरीज़ के फैंस के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है। यह सीरीज 90 के दशक के एक मीडिल क्लास परिवार की कहानी है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो में देख सकते हैं। इस कहानी में गुप्ता फैमिली को दिखाया गया है, जहां परिवार के सदस्यों के साथ हंसी-मजाक और उनके छोटे-मोटे झगड़े बेहद दिलचस्प होते हैं। यह सीरीज आपको पुराने दिनों की याद दिलाएगी और हंसी से लोटपोट कर देगी।



**सास, बहू, अचार प्राइवेट लिमिटेड** : इस सीरीज में एक मिडल क्लास महिला सुमन की कहानी है, जो अपने परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए आचार बनाने का व्यापार शुरू करती है। यह जी5 कहानी में सुमन और उनके परिवार की मजेदार यात्रा को दर्शाया गया है, जो आपको हंसा हंसा कर लोटपोट कर देगी। यह सीरीज खासतौर पर उन लोगों के लिए है जो हल्की-फुल्की और मजेदार कहानियों के शौकीन हैं।



**मामला लीगल है** : यह सीरीज आपको कोर्ट के अंदर की मजेदार घटनाओं और झमेलों से रूबरू कराती है। पटपड़गंज जिला न्यायालय की सेटिंग के साथ, इसमें होने वाली हास्यपूर्ण स्थिति और संवाद आपको हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे। यह सीरीज नेटफिलिक्स पर देख सकते हैं। सीरीज में कोर्ट के अंदर हो रही हलचल को हास्य के अंदाज में पेश करती है, जिससे आप पंचायत के मजेदार पल याद करेंगे।